
WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news

mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

दैनिक

# मेरठ दर्पण

वर्षः 06 अंक 48 मेरठ, मंगलवार 31 अगस्त, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का......



# शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के 40 लाख गरीबों को सरकार ने आवास उपलब्ध कराया: योगी




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख् यमंत्री योगी आदित् यनाथ ने सोमवार को जन् माष् ष् टगी की बधाई देते हुए कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों के दौरान राज्य सरकार ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 40 लाख गरीबों को आवास उपलब्ध कराएं हैं। सोमवार को पांच कालिदास मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास पर योगी आदित् यनाथ ने प्रधानमंत्री आवास योजना द्धशहरीऋ के अंतर्गत दो लाख 853 लाभार्थियों के खाते में 1341.17 करोड़ रुपये का ऑनलाइन हस्तांतरण करने के बाद इस संबंध में आयोजित समारोह में कहा, ''हमारा प्रयास है कि प्रधानमंत्री की मंशा के तहत 2022 तक हर जरूरतमंद गरीब को एक आवास उपलब्ध कराया जाय जो, इस पात्रता की श्रेणी में आता है।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''2017 के पहले प्रधानमंत्री आवास योजना में उत्तर प्रदेश का कोई स्थान नहीं था, क्योंकि तत्कालीन राज्य सरकार की रुचि नहीं थी कि भारत सरकार की योजना का लाभ प्रदेश के गरीबों को दे सके, लेकिन 2017 के बाद नगरीय या ग्रामीण क्षेत्र दोनों में भारत सरकार की हर योजना का लाभ पहुंचाने के जो प्रयास हुए, उसमें उत् तर प्रदेश ने देश में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है।'' योगी ने कहा, ''पहले चेक या नकद वितरण में भ्रष्टाचार होता था और एक प्रधानमंत्री ने तो यहां तक कहा था कि गरीबों को भेजे जाने वाले 100 रुपये में 85 रुपये बेईमानी से बीच के लोग हड़प जाते थे, लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसी व्यवस्था की है कि 100 रुपये स्वीकृत हैं, तो पूरा का पूरा पैसा गरीब के खाते में जाता है।'' कोरोना त्रासदी में गरीबों के लिए चलाई गई योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए योगी ने कहा, ''प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में भी उत् तर प्रदेश ने पहला स् थान प्राप् त किया है। लॉकडाउन के दौरान पटरी व्यवसायियों को काफी दिक्कत हुई, उनकी पूंजी समाप्त हो गई लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी ने आत्मनिर्भर भारत पैकेज की घोषणा की और स्वनिधि योजना के माध् यम से पटरी कारोबारियों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल की।'' उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश में साढ़े सात लाख से ज्यादा लाभार्थियों को कर्ज उपलब् ध कराया गया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना द्धशहरीऋ एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों से बातचीत भी की। प्रधानमंत्री आवास योजना द्धशहरीऋ योजना की लाभार्थी मिर्जापुर की निर्मला से बातचीत में योगी ने कहा कि यह लाभ पहले भी मिल सकता था, लेकिन पिछली सरकारों ने ध्यान नहीं दिया।



भगवान श्री कृष्ण को लगाया 56 भोग



मेरठ में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर कान्हा जी के साथ राधा का रूप लिए दीक्षिता गुप्ता












# ऐसा है भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव का उ ास, देखें मेरठ की खूबसूरत तस्वीरें






























**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कोरोना वायरस महामारी के बीच इस बार भी जन्माष्टमी के पर्व पर पहले जैसी धूमधाम नहीं हुई लेकिन पिछले साल के मुकाबले इस बार फिर भी स्थिति बेहतर रही। पूरे देश में कन्हैया का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान कई कलाकार राधा कृष्ण के स्वरूप में नजर आए तो कुछ जगहों पर छोटी-छोटी झांकियां भी निकाली गई। राजधानी समेत देश के अन्य मंदिरों में जहां कोरोना वायरस प्रोटोकश्वल का पालन होता दिखा वहीं,ह्वकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। तस्वीरों में देखिएह्वबाल गोपाल के जन्म का यह त्योहार किस तरह मनाया जा रहा है...




मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना विधानसभा के गांव कुरालसी में सिद्धपीठ माँ शाकुम्बरी देवी मन्दिर का सौन्दर्यकरण एवं पर्यटन विकास कार्य स्वीकृत लागत 48.48 लाख का शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन मन्दिर प्रांगण में हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल, विवेक बालियान, बुढाना विधायक उमेश मलिक, जिला पंचायत सदस्य ठाकुर रामनाथ,प्रमोद कश्यप व बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे ।



देशभर में श्री कृष्णा जन्माष्टमी की धूम नगर में सजे भव्य मंदिर और नन्हे मुन्ने बच्चे भगवान राधा कृष्ण के मनमोहक स्वरूप में सज कर कर रहे हैं अठखेलियां सभी और हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की हो रही है गूंज और घरों में लड्डू गोपाल जी के बालस्वरूप को भव्य रुप से सजा कर पालने में नंद गोपाल के भक्तों ने पालने मे झूलाया

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार दो दोस्तों की मौत, जन्माष्टमी के दिन गांव में छाया मातम

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** सोमवार को बहसूमा थाना क्षेत्र बाईपास स्थित झुनझुनी नहर पुल पर अनियंत्रित डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। जिस पर सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को इस घटना की जानकारी दे दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जन्माष्टमी के दिन युवकों की मौत से गांव में मातम छाया हुआ है। जहां गांव में जन्माष्टमी की तैयारी हो रही थी और गांव के मंदिर को सजाया गया था। वहीं अब गांव में सुबह से किसी घर में चूल्हा नहीं जला है। जानकारी के मुताबिक बहसूमा थाना क्षेत्र के गांव झुनझुनी निवासी निमेश पुत्र यतेंद्र शर्मा व गांव का ही पवन पुत्र निर्भय बाइक द्वारा मेरठ निवासी साली के यहां से गांव लौट रहे थे। जब वे गांव के समीप बाईपास स्थित नहर पुल पर पहुंचे तो सामने से तेज गति से आ रहे डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें दोनों गंभीर घायल हो गए। सूचना पर थाना प्रभारी बहसूमा मुकेश चौधरी मौके पर पहुंचे और घायलों को ग्रामीणों की मदद से मेरठ अस्पताल भिजवाया। जहां उन्हें चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को मर्चरी हाउस भेज दिया। इस बीच आरोपित चालक डंपर मौके पर छोड़कर फरार हो गया। मृतक निमेश के ताऊ शिवदत्त शर्मा ने बताया कि निमेश शादीशुदा था तथा उसके एक बेटा है। वह खेतीबाड़ी हाथ बटाने के साथ प्राइवेट नौकरी करता था। उसके परिजनों का रो-रोकर बुराहाल है। मृतक पवन निर्भय की पांच संतान में पहले नंबर का था। पवन पांच भाई बहनों में सबसे बड़ा था। उसकी चार बहनें हैं। मृतक के एक-लड़की व एक लड़का है। बहनों की भी शादी हो चुकी है। पवन खेतीबाड़ी करता था। उसके परिजनों का भी रो-रोकर बुरा हाल है। जन्माष्टमी पर्व पर गांव में मातम छाया हुआ है। दुर्घटना में मारे गए दोनों युवकों के परिजनों में जन्माष्टमी पर आई विपत्ति से पूरा गांव सदमें में है। वहीं,गांव में सन्नाटा सा पसर गया। पूर्व से कई दिनों से चल रही तैयारी धरी रह गई।



शहर की ए टू जेड कॉलोनी के मंदिर प्रांगण में भव्य कार्यक्रम में शामिल हुए राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, मंदिर में भगवान श्री राधा माधव जी का लिया आशीर्वाद, कॉलोनी के सभी सम्मानीय निवासी गण रहे उपस्थित

## ओसीडी यूपी द्वारा गाजियाबाद में आयोजित बैठक एवं शैक्षणिक कार्यशाला में मुजफ्फरनगर केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन को मिला एआईओसीडी का संबद्धता प्रमाण पत्र

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** दवा पदाधिकारियों के साथ अश्वर्गेनाइजेशन अश्वफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट उत्तर प्रदेश द्धओसीडी यूपीत्रः प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक एवं शैक्षणिक कार्यशाला में कौशांबी स्थित रेडिसन ब्लू होटल में दवा व्यापारियों की समस्याओं से संबंधित कुछ बिंदुओं पर चर्चा हुई ।शैक्षणिक कार्यशाला में ओसीडी यूपी में पदाधिकारियों ने संबोधित किया। बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष एआईओसीडी श्री जीएस शिंदे एवं विशिष्ट अतिथि महासचिव श्री राजीव सिंघल राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री के के सेल्वन रहे। उनके साथ देश के लगभग अट्ठारह अन्य राज्यों से जो अतिथि उपस्थित रहे उनमें संदीप नागिया द्धदिल्ली त्रःप्रसन्न कुमार सिंह द्धबिहारत्रः आरबी पुरी द्धराजस्थानत्रः अल्पेश पटेल द्धगुजरातत्रः अरविंद गुप्ता द्धराजस्थानत्रः बैजनाथ जागसाठेद्धमहाराष्ट्र त्रःसुरेंद्र दुग्गल द्धपंजाबत्रः अमित गर्ग द्धउत्तरांचलत्रः अशोक सिंगला द्धहरियाणात्रः जसवंत भाई पटेलद्ध गुजरातत्रः बी एस मनकोरी एवं अजय गर्ग उत्तरांचल एवं अन्य राज्यों से उपस्थित रहे। कार्यशाला में जे एस शिंदे एवं राजीव सिंघल ने वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण उत्पन्न व्यापार में हो रही कठिनाई एवं उसके निवारण तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि




प्रशासन उत्तर प्रदेश में पोर्टल पर खामियों की चर्चा तथा दवाओं की अश्वनलाइन बिक्री से उत्पन्न कठिनाई एवं दवा इंडस्ट्री से संबंधित समस्याओं के समुचित समाधान की बात कही। ओसीडी यूपी के प्रदेश अध्यक्ष दिवाकर सिंह एवं महामंत्री सुधीर अग्रवाल ने बैठक में आए हुए एआईओसीडी के पदाधिकारी एवं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों का धन्यवाद दिया ।इस बैठक में भारत देश की सबसे बड़ी दवा व्यापारियों की एक मात्र संस्था एआईओसीडी से उत्तर प्रदेश के जिलों से संस्था को सम्बद्ध किया गया है उन्हीं में मुजफ्फरनगर जनपद से मुजफ्फरनगर केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन रजिस्टर्ड को जिसके जिला अध्यक्ष सुभाष चौहान हैं को एआईओसीडी ने प्रमाण पत्र देकर सम्बद्ध किया है। इस कार्यशाला में सुभाष चौहान के साथ अन्य पदाधिकारियों ने भी जनपद मुजफ्फरनगर से भाग लिया। एआईओसीडी से संबद्धता प्रमाण पत्र लेने के पश्चात पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी दवा मंडी मुजफ्फरनगर जिला परिषद बाजार में पहुंचने के बाद सुभाष चौहान का जिला परिषद बाजार के दवा व्यापारियों ने सम्मान किया। इस अवसर पर सुभाष चौहान ने दवा व्यापारियों को भरोसा दिलाया की जिले के हर दवा व्यापारी के साथ मैं बिना भेदभाव के हर समय खड़ा हूं मेरे किसी भी दवा व्यापारी को किसी भी प्रकार की समस्या हो तो 24 घंटे मेरा फोन और मैं स्वयं उपलब्ध रहूँगा और समस्या का निराकरण कराऊंगा और व्यापारियों की समस्याओं के लिए जिले में एक कंप्लेंट सेल बनाऊंगा वह ड्रग विभाग एवं कंपनियों की समस्याओं के समाधान के लिए होगी और इसी के साथ उन्होंने अपने दवा व्यापारियों से आग्रह किया कि दवाओं को बिल से खरीदें एवं बिल से ही बेचे उसके बावजूद यदि किसी प्रकार का उत्पीड़न दवा व्यापारी का होता है तो वह बिल्कुल नहीं होने दिया जाएगा।

## मुजफ्फरनगर में पकडा वाहन चोर गिरोह 8 बाइकें बरामद




**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर की नई मंडी कोतवाली पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर मखियाली चौक पोस्ट से चौकिंग के दौरान दो शातिर वाहन चोर मनीष ओर सागर को गिरफ्तार किया है। जिनकी निशानदेही पर पुलिस ने 8 चोरी की मोटरसाईकिल अवैध शस्त्र और कारतूस भी बरामद किया है। इस मामले में सीओ नई मंडी हिमांशु गौरव ने जानकारी देते हुए बताया की पकड़े गए शातिर बदमाश आसपास के जनपदों से वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर चोरी की बाइकों को मार्किट में बेचने का काम करते थे,इन दोनों वाहन चोरों पर जनपद के विभिन्न थानों में कई मुकदमे भी दर्ज है। पुलिस ने इन दोनो वाहन चोरों को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है,तो वही पुलिस अब इनके गैंग के बाकी सदस्यों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई है।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी की जिलेभर में धूम, कृष्ण जन्म के साथ गूंजे जयकारे










**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा मुजफ्फरनगर।** जिले में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम और परंपरागत उल्लास के साथ मनाया गया। वर्षो बाद एक ही दिन जन्माष्टमी पर्व का योग होने के कारण मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कई बड़े मंदिरों में आकर्षक सजावट देखने को मिली। आधी रात के समय मंदिरों में शंख घंटे बजाकर प्रभु के अवतार लेने की घोषणा हुई और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के साथ ही नंदोत्सव भी मनाया गया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर नगर के मंदिरों में आकर्षक सजावट देखने को मिली। पिछले वर्ष कोरोना काल के चलते जन्माष्टमी पर्व को बहुत सीमित करते हुए मनाया गया था। इस बार लोग कोरोना से उबरकर बड़ी संख्या में मंदिरों में दर्शन करने को निकले। श्रीगणपति धाम मंदिर और श्रीबालाजी मंदिर में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ दिखाई दी। कोरोना काल शुरू होने के बाद पिछले करीब डेढ साल में ऐसी भीड़ पहली बार देखने को मिली। यहां पर मंदिर समिति की ओर से लगातार लोगों को सोशल डिस्टेंस बनाने और गाइड लाइन का पालन करने के लिए कहा जाता रहा लेकिन यहां पर उमडी भीड पर इसका कोई प्रभाव देखने को नही मिला। यहां पर राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने आरती की। इसके अलावा मंदिर के संस्थापक भीमसैन कंसल, सत्यप्रकाश रेशु, अशोक गर्ग, अनिल गोयल, जेपी गोयल, अंबरीश सिंघल, रजत राठी, विनोद राठी, सोमप्रकाश कुच्छल व्यवस्था बनाने में रहे। श्रीबालाजी धाम मंदिर में भी श्रद्धालुओं की अपार भीड़ रही। लोगों ने देव दर्शन किए। यहां पर मंदिर के प्रधान हरिशंकर तायल, विजय कुमार, अशोक शर्मा, लक्की आदि व्यवस्था बनाने में रहे। नदी घाट स्थित आत्मबोध आश्रम महाकाली मंदिर में आकर्षक सजावट देखने को मिली। यहां भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने विशेष रूप से सजाए श्रीकृष्ण राधा के दर्शन किए। इसके अलावा माता वैष्णोदेवी मंदिर गांधी कालोनी, गोलोकधाम, श्रीलक्ष्मीनारायण मंदिर गांधी कालोनी, संकीर्तन भवन, राधाकृष्ण धाम मंदिर नईमंडी, श्रीसालासर बालाजी मंदिर पचौंडा रोड पर भी भव्य सजावट की गई थी।

## हिन्दूओ की आस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नही करेंगे : हिंदू जागरण मंच मुजफ्फरनगर



**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा मुजफ्फरनगर।** भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर एक पुलिसकर्मी द्वारा भगवान श्री कृष्ण जी की अमर्यादित फोटो शोशल मीडिया पे डालकर उनका अपमान कर हिन्दूवों की भावना से खिलवाड़ करने पर हिन्दू जागरण मंच का गुस्सा भड़क उठा जिस पर उन्होंने शहर कोतवाली पहुंच के उस असामाजिक पुलिस कर्मी के खिलाफ शहर कोतवाली में थ्प्त दर्ज करवाई जिंसमे उस पुलिस कर्मी को तुरंत लाइन हाजिर कर दिया गया है हिन्दू जागरण मंच के पदाजिकारियों ने स्पष्ठ कहा कि हिन्दू समाज की भावनाओं से खिलवाड़ करने वालों के मुह में जूता दे दिया जाएगा वो अपनी औकात में रहे तो उनके लिए अच्छा होगा हमने चूड़ियां नही पहन रखी है ऐसे विधर्मियों को हर तरीके से हमे जवाब देना आता है इस मौके पररू–जिला उपाध्यक्ष बंटी चौधरी,नगर अध्यक्ष अंजेश गुर्जर,युवा वाहिनी जिलाध्यक्ष वैभव यादव एडद्ध–जिला महामंत्री कार्तिक जौहरी,बेटी बचाओ आयाम जिला सहसंयोजक वीरेंद्र त्यागी–हरेन्द्र शर्मा,युवा नगरध्यक्ष रंजीत शर्मा, कुकड़ा खण्ड अध्यक्ष राजकुमार उपस्थित रहे

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मित्तल और प्रदेश युवा अध्यक्ष तरुण मित्तल का हुआ सम्मान




**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन रजि के प्रदेश उपाध्यक्ष  ष्ण गोपाल मित्तल एवं प्रदेश युवा उपाध्यक्ष तरुण मित्तल को भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा पदाधिकारी बनाए जाने पर सहारनपुर निवासी राष्ट्रीय संत सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय पदाधिकारी श्री अभिजीत सैनी,आयुष धीमान,अरविंद सैनी,अनूप गोयल द्वारा कैंप कार्यालय पहुंचकर बुके भेंट कर सम्मानित किया गया एवं भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया गया, इसी के साथ संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एव सहारनपुर मण्डल प्रभारी  ष्ण गोपाल मित्तल द्वारा श्री अभिजीत सैनी को राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व राज्यसभा सांसद माननीय श्री नरेश अग्रवाल,प्रदेश अध्यक्ष वं विधायक नितिन अग्रवाल,एव प्रदेश महामंत्री बृजेश शुक्ला की संस्तुति पर सहारनपुर जिले का प्रभारी घोषित किया एवं उनको मनोनयन पत्र सौंपा गया,






## साकिब के साथ पत्नी को आपत्तिजनक हालत में देख दोस्त ने रची हत्या की साजिश, तीन अभियुक्त आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** थाना सरधना पुलिस द्वारा क्षेत्र में हुए साकिब हत्याकाण्ड का खुलासा कर दिया गया। साकिब की हत्या अवैध संबंधों के चलते की गई। पुलिस ने इस मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जबकि हत्याकांड में शामिल दो महिलाएं फरार हैं। उनकी पुलिस तलाश कर रही है। घटना का खुलासा एसओजी और सरधना पुलिस ने मिलकर किया। पुलिस ने अभियुक्त बिलाल निवासी मौ0 घोसियान कस्बा व थाना सरधना मेरठ को मुखबिर की सूचना पर रजवाहा पुलिया से गिरफ्तार किया। जिसकी निशानदेही पर उसी की भैसों की डेरी में बनी खोर से भूसे में दबा घटना के समय पहना एक लोअर व लोअर के अन्दर से घटना मे प्रयुक्त एक छुरी बरामद करायी व अपनी निशानदेही पर अपने दो साथी तालिब और अजीम मौ0 घोसियान कस्बा व थाना सरधना गिरफ्तार करवाया। इस मामले में दो अभियुक्त महिलाएं तबस्सुम पत्नी बिलाल और नफीसा पत्नी आजम फरार हैं। मृतक साकिब पुत्र शाहिद अली निवासी नंगला आर्डर रोड नई बस्ती कस्वा व थाना सरधना मेरठ की दोस्ती हत्यारोपी तालिब पुत्र आजम निवासी मौ0 घोसियान के साथ थी मृतक साकिब उपरोक्त का तालिब के घर आना जाना था। जिस बीच मृतक साकिब के सम्बन्ध बिलाल उर्फ भोला की पत्नी तबस्सुम के साथ हो गये। बिलाल ने एक दिन तालिब ने शाकिब को अपनी पत्नी तबस्सुम के साथ आपत्तिजनक स्थिति मे देख लिया था। इस बात को अभियुक्त तालिब ने अगले दिन अपने भाई बिलाल को बताया था। जिस पर बिलाल,अजीम नफीसा इत्यादी ने तालिब ने आपस में बात चीत करके शाकिब की हत्या की योजना बनायी। इसके बाद अभियुक्त अजीम के पास पहले से डेरी मे तीन छुरी रखी थी। जिन्हें अभियुक्त अजीम द्वारा अभि0 बिलाल उर्फ भोला को शाकिब की हत्या करने के लिए दिया गया था। योजना के मुताबिक आरोपी अजीम तथा बिलाल उर्फ भोला को पहले से निश्चित जगह रजवाहा नवाबगढी पर जाना था। चूंकि मृतक शाकिब व आरोपी तालिब में घनिष्ठ दोस्ती थी। जिस पर आरोपी तालिब द्वारा मृतक शाकिब को धोखे से फोन करके उसी की बाइक से रजवाहा नवाबगढी पहुँचा। योजना के अनुसार आरोपी अजीम व बिलाल उर्फ भोला को रजवाहा नवाबगढी पर शाकिब की हत्या की घटना को अन्जाम देने जाना था।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने 'मेरठ दर्पण' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक– अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोनः 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।